## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल में वार्षिकोत्सव व परिणाम वितरण समारोह

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चौहटियां बाजार स्थित ग्लोब पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं परिणाम वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल सदफ़ राईन और प्रबंधक उवैस खान ने अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस दौरान परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को परिणाम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### फोन हैक कर खाते से उड़ाए 3.87 लाख

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर निवासी कृष्णन ने बताया कि उसका खाता भारतीय स्टेट बैंक में संचालित है। वह बैंक में अपना खाता की डिटेल पता करने के लिए गए। उनको बैंक कर्मचारी से बताया कि 25 मार्च से 29 मार्च तक उसके खाते से तीन लाख 87 रुपये निकल गए। उसका फोन हैंग कर लिया गया था। उसके साथ धोखाधड़ी की गयी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### कार्यक्रम में महिलाओं को किया जागरूक

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली में मंगलवार दोपहर दामिनी पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को सशक्त बनाने और पुलिस व्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कोतवाल जुगल किशोर पाल और महिला एसआई नेहा सैनी ने महिलाओं को पौधे भेंट किए। कोतवाल ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला।

### पुलिस ने काउंसलिंग कर पारिवारिक विवाद सुलझाया

**जैतीपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज पांच अभियान के तहत थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर एक पारिवारिक विवाद का समाधान कर दोनों पक्षों में समझौता कराया। कस्बे के मजरा धीमरपुरा निवासी गोकरन ने परिजनों के खिलाफ मारपीट की शिकायत दी थी। शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर आपसी सहमति से विवाद समाप्त कराया। इस दौरान उपनिरीक्षक रोहिताश कुमार, उपनिरीक्षक मोनिका तेवतिया, महिला कांस्टेबल आरती, रचना और कांस्टेबल रोहित रावत मौजूद रहे।

# टोल टैक्स का बढ़ा बोझ, नई दरें आज से लागू

## 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय वाहन स्वामियों के लिए जारी मासिक पास भी महंगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-24) पर स्थित टोल प्लाजा की दरों में एक वर्ष में तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। पहली अप्रैल से नई दरें लागू हो जाएंगी। टोल शुल्क बढ़ने से आम लोगों के लिए सड़क मार्ग से आवागमन अब और महंगा हो गया है। हालांकि टोल शुल्क में की गई वृद्धि सालाना होने वाली 5 प्रतिशत वृद्धि के रूप में बताई जा रही है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी है। इसका असर शाहजहांपुर के वाहन स्वामियों की जेब पर भी पड़ेगा। जिले की सीमा और सीमा के बाहर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर बुधवार से नई दरें लागू हो जाएंगी।

बताते हैं कि कुछ माह पूर्व लागू किए गए वार्षिक फास्टैग पास की कीमत 3000 रुपये तय की गई थी, जो 200 यात्राओं या एक वर्ष (जो पहले हो) तक मान्य था। अब इसके शुल्क में 75 रुपए की वृद्धि कर इसे 3075 रुपए कर दिया गया है। वहीं, टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय वाहन स्वामियों के लिए जारी मासिक पास भी महंगा कर दिया गया है। पहले यह शुल्क 340 रुपये था, जिसे कुछ माह पहले बढ़ाकर 350 रुपए किया गया और अब एक अप्रैल से 360 रुपए कर दिया गया है। यह सुविधा केवल गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। एक वर्ष के कई बार टोल दरों में वृद्धि से कारोबारियों और लगभग हर रोज अन्य शहरों की यात्रा करने वालों में नाराजगी है। उनका कहना है कि बार-बार हो रही वृद्धि से उनके दैनिक खर्च में भी वृद्धि हो रही है और उनकी जेब पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

हिटौटा टोल प्लाजा मैनेजर हिमांशु सिंह ने बताया कि टोल टैक्स में 5 प्रतिशत की वृद्धि केंद्र सरकार के निर्देश पर हर साल की जाती है। पहली अप्रैल से यह वृद्धि पूरे देश में लागू होती है। उन्होंने बताया कि कार, जीप, वैन पर कोई नया टैक्स नहीं लागू किया गया है। यह 5 प्रतिशत की वृद्धि बस, ट्रक, ट्रिपल एक्सेल से सात एक्सेल तक के वाहनों पर की गई है।



लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा। ● अमृत विचार

**1 अप्रैल से बढ़ी टोल टैक्स की नई दरें**

| वाहन | पुराना टैक्स | नया टैक्स |
|---|---|---|
| कार/जीप/वैन | 140 रुपये | (कोई नया टैक्स नहीं) |
| एलसीवी | 225 रुपये | 230 रुपये |
| बस/ट्रक | 470 रुपये | 480 रुपये |
| ट्रिपल एक्सेल | 515 रुपये | 525 रुपये |
| चार/छह एक्सल | 735 रुपये | 755 रुपये |
| सात या इससे अधिक एक्सेल | 895 रुपये | 920 रुपये |



जाने माने होम्योपैथ डॉ रवि मोहन मानते हैं कि छोटे चौपहिया वाहनों पर टोल टैक्स कम किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क किनारे निशुल्क सुविधाएं बढ़ाना चाहिए। जैसे पार्क आदि बनाकर लंबा सफर करने वालों को कुछ देर राहत के क्षण नसीब हों। पेयजल की भी सुविधा भी दी जाए।



सामाजिक एवं साक्षरता विशेषज्ञ मोहम्मद कामरान कहते हैं कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स में लगभग 5% की बढ़ोतरी आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ डालने वाली है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों, खासकर रोजाना यात्रा करने वालों और परिवहन पर निर्भर वर्ग के लिए यह निर्णय चिंता बढ़ाने वाला है।



अपने वाहन को कमर्शियल रूप में प्रयोग करने वाले इकरार खां कहते हैं कि शाहजहांपुर-सीतापुर मार्ग पर तीन टोल प्लाजा हैं। जिन पर फास्टैग के जरिए उनसे अलग-अलग शुल्क वसूला जाता है। एक ही वाहन से 55-55 रुपये, 135 हर टोल पर अलग शुल्क क्यों, शुल्क वसूलने का क्या मतलब है।

# जानकी महाराज मेला की तैयारियां जोरों पर

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के कीलापुर स्थित प्राचीन जानकी महाराज देव स्थान पर लगने वाले चैत्र पूर्णिमा मेले की तैयारियां इन दिनों पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। गुरुवार को मुख्य मेला पर्व आयोजित होगा, जिसमें जिला सहित आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यह मेला अपनी धार्मिक आस्था और मान्यताओं के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां आने वाले श्रद्धालु मन्नतें मांगते हैं और पूर्ण होने पर मुंडन संस्कार सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं।

करीब पंद्रह दिनों तक चलने वाले इस मेले में घरेलू उपयोग की वस्तुओं, खासकर लकड़ी के सामान की भरपूर बिक्री होती है, जिससे यह मेला दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। मेले के बारे में प्रचलित मान्यता के अनुसार पीलीभीत के बीसलपुर निवासी एक ब्राह्मण प्रत्येक अमावस्या और पूर्णिमा को ढाई घाट गंगा स्नान के लिए जाया करते थे। एक बार चैत्र पूर्णिमा के दिन स्नान के बाद लौटते समय भौती गांव के पास दोपहर की तेज धूप में वह एक नीम के पेड़ के नीचे विश्राम करने लगे। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने लूटपाट कर उनकी हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में छिपा दिया। कहा जाता है कि बाद में ब्राह्मण ने अपने हत्यारों के परिजनों को स्वप्न में दर्शन देकर पीपल का पेड़ लगाने और चैत्र पूर्णिमा के दिन हवन-पूजन करने का निर्देश दिया। तभी से इस स्थान पर चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होने लगा, जो आज भी परंपरा के रूप में जारी है। मेले में प्रशासन की ओर से केवल सुरक्षा व्यवस्था की जाती है, जबकि दुकानदारों और श्रद्धालुओं के लिए अन्य सभी व्यवस्थाएं मंदिर के महंत की ओर से चढ़ावे से की जाती हैं। धार्मिक आस्था, परंपरा और स्थानीय अर्थव्यवस्था का संगम बना यह मेला हर साल क्षेत्र की पहचान को और मजबूत करता है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद के साथ कीलापुर पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है।

# किशोरी ने अश्लील बाते करने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने सिंधौली थाना में दी गई तहरीर में बताया कि वह प्रत्येक सोमवार को बाबा शिव त्रिलोकी नाथ मंदिर पैना बुजुर्ग में बच्चों के साथ खेल खिलौने की दुकान लगाते है। सोमवार को वह मंदिर के बाहर दुकान लगाए हुए थे। साथ में उसकी 17 वर्षीय बेटी भी थी। पैना बुजुर्ग गांव का आदित्य नामक युवक उसकी दुकान पर आया और उसकी बेटी को गंदे-गंदे इशारा करते हुए अश्लील बाते करना लगा। उसकी बेटी ने उसको जानकारी दी। उन्होंने आरोपी से कहा कि क्यों गंदे-गंदे इशरा करते हो। आरोपी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। सिंधौली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# बिजली का तार चोरी एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव मियापुर निवासी दीपक ने बताया कि एक कंपनी में ठेकेदार है। सिंधौली क्षेत्र में गैरतपुर आदि स्थानों पर 11 हजार केवी विद्ययुत लाइन निर्माण का कार्य कराया गया था। एक सप्ताह पूर्व चोरों ने दो-तीन बार बिजली का तार काट लिया। इंसेलेटर का का करीब 300 मीटर और 120 केवी लाइन का 400 मीटर तार चोरी हो गया है। उन्होंने पुवायां के एक व्यक्ति पर शक जाहिर किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बिजली तार चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी :** तिलहर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव पिपरौली निवासी राजेश कुमार गंगवार ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर झटका मशीन, बैटरी, चार्जर और पाइप सहित हजारों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने पुलिस से चोरी गए सामान की बरामदगी की गुहार लगाई है।

**घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के यमुना सिटी कालोनी निवासी सचिन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 28 मार्च की शाम साढ़े चार बजे बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी। वह कुछ देर बाद मकान से बाहर आए तो बाइक गायब मिली। उन्होंने बाइक को तलाश किया और नहीं मिली।

# रेलवे स्टेशन पर तीन वेंडरों पर डाला जुर्माना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के निर्देश पर चलाए गए अभियान में रेल अधिकारियों ने प्लेटफार्म पर सामान बेचते हुए तीन वेंडरों को पकड़ लिया। तीनों वेंडरों पर तीन हजार रुपये जुर्माना किया गया है। सीनियर डीसीएम के निर्देश पर सीएमआई, एके ठाकुर, एसएस पीएस तोमर, मुख्य खाद्य निरीक्षक त्रिलोक चंद्र और खाद्य निरीक्षक शशांक पाण्डेय ने मंगलवार की दोपहर प्लेटफार्म तीन पर अभियान चलाया। जननायक एक्सप्रेस के समय प्लेटफार्म पर सामान बेचते हुए तीन वेंडरों को पकड़ लिया। तीनों वेंडरों पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना किया गया। टीम ने स्टॉल संचालकों को निर्देश दिए है कि स्टाल के अंदर ही सामान बेचेंगे। इसके अलावा टीम ने दो स्टॉल से पेटीज आदि का नमूना लिया। टीम ने जांचके लिए नमूना भेज दिया है।

# आज के समय में डिग्री नहीं, हुनर भी जरूरी

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोजा पावर की ओर से परियोजना प्रभावित गांवों में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए संचालित स्वावलंबन कार्यक्रम के तहत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई। विनोबा सेवा आश्रम के सहयोग से अगस्त 2022 में शुरू हुए इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 242 पुरुष और महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है।

कार्यक्रम के सातवें बैच के प्रमाण पत्र वितरण समारोह में स्क्रीन प्रिंटिंग, चुटीला-परांदा निर्माण, आटा चक्की, तेल कोल्हू और गैस चूल्हा मरम्मत का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 31 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर ने कहा कि आज के समय में केवल डिग्री नहीं, बल्कि हुनर जरूरी है और यह कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बना रहा है। स्वावलंबन प्रभारी अखलाक खान ने बताया कि अब तक सिलाई, ब्यूटीशियन, इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल, मोटरबाइक मरम्मत, प्लम्बर, राजमिस्त्री, कारपेंटर, सब्जी, दुग्ध व मछली पालन सहित कई ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर सैकड़ों युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश, विनोबा सेवा आश्रम के सचिव मोहित कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।



स्वावलंबन कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर।

● **स्वावलंबन कार्यक्रम में बोले स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर**

# शिविर में 146 मरीजों की हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सारला नत्थू लाल अशोक किरण फाउंडेशन (सनक) बादशाहनगर की ओर से सीतापुर आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

बादशाहनगर में लगे शिविर में नेत्र चिकित्सकों डॉ. निकिता अग्रवाल एवं शैलेंद्र शुक्ला की टीम ने लगभग 146 मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 30 मरीजों को मातियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इन मरीजों का ऑपरेशन सनक फाउंडेशन एवं सीतापुर आई हॉस्पिटल, सीतापुर के सहयोग से निर्धारित तिथि पर निःशुल्क कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त 40 मरीजों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। शिविर में सिमरन, आदर्श, मोहनी, चांदनी, शिवांगी, शिखा, दीप्ति, शाहनवाज, कृपाल एवं सुनील आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्था की सचिव एवं ट्रस्टी शताक्षी मिश्रा, कैम्प संयोजक गौरव मिश्रा, सह-संयोजक किरण मिश्रा एवं कौशिकी मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर को सफल बनाने में मृदुल वाजपेयी, अभय मिश्रा, विकास दीक्षित, सृजल मिश्रा एवं आशीष मिश्रा, हर्देश मिश्रा, सुरेश बाजपेयी, राम स्वतंत्र मिश्रा, अतुल बाजपेयी, मुनीश मिश्रा एवं अनुराग मिश्रा का विशेष योगदान रहा।



मरीजों के साथ नेत्र चिकित्सक व सनक फाउंडेशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **30 मरीजों को मातियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया**

# दामिनी अपराध रोकने में पुलिस की करेगी मदद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए मिशन दामिनी पहल शुरू की गयी है। इस अभियान में जिले की 250 महिलाओं को दामिनी बनाया गया है। ये महिलाए गांव में होने वाले अपराधों या अन्याय की सूचना पुलिस तक पहुंचाएगी, ताकि घटना होने से उसे रोका जा सके।

एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दामिनी पहल को महिलाओं की भागादारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं, उपल्ब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। उपस्थित महिलाओं एवं जनसमूह को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, सेवाओं एवं व्यवस्थाओं के बारें में विस्तार से अवगत कराया गया। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय एवं जागरुक महिलाओं को पुलिस वालंटियर के रुप में जोड़ा जाएगा। पूर्व में एएसपी ग्रामीण ने मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाह, महापौर अर्चना वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता को पुष्प गुच्छ और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 32 महिलाओं को उल्लेखनीय योगदान में शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर सीओ सिटी, सीओ सदर, सीओ तिलहर, सीओ पुवायां, सीओ लाइन और प्रतिसार निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यूज डायरी



### पाठक कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, दलेलगंज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शुक्ला ने डॉ तारा पाठक के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कक्षा एक में राधिका, कक्षा 2 में आयजा, कक्षा 3 में आराध्या वर्मा, कक्षा 4 में प्रतिभा, कक्षा 5 में उन्नति यादव, कक्षा 6 में सदफ के प्रथम आने पर प्रबंधक ने प्रमाण पत्र उपहार एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मीना, अंजू, दीपशिखा, अंजुम, आकाश, प्रियांशु आदि उपस्थित रहे।



### सेंट्स स्कूल में वार्षिक परिणाम दिवस का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के ऑल सेंट्स स्कूल में वार्षिक परिणाम दिवस उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त और विशिष्ट अतिथि डॉ. जस्मीत साहनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद निदेशक सचिन बाथम और प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. जस्मीत साहनी, अनूप राना, आसिफ खान, रुबि, समन, अश्वनी, शरद, अजीम, शुभा, श्रेस्थी, रीना, प्रिया, सोनाली, प्रियंका, नेहा, मेघा, इरम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



### गांव की बेटी बनी नायब तहसीलदार, बढ़ाया मान

**निगोही, अमृत विचार :** खिरिया पश्चिमी गांव की इला सिंह ने यूपीपीसीएस परीक्षा में 170वीं रैंक हासिल कर नायब तहसीलदार पद प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इला ने बताया कि लक्ष्य पर नजर रखकर ईमानदारी से की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। इला का जन्म साधारण किसान परिवार में हुआ, उनके पिता सत्येंद्र सिंह अधिवक्ता हैं और तिलहर तहसील में वकालत करते हैं। इस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान ठाकुर सोमेन्द्र सिंह की ओर से इला सिंह को अंग वस्त्र, बुक्का और गणेश भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। गांव और परिवार में खुशी का माहौल है।



### स्कूल में रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बजाज पब्लिक स्कूल मकसूदापुर में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुधाकर मिश्रा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कक्षा एक से लेकर नौ और कक्षा ग्यारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। तिलकराज सिंह, अथर्विका विश्नोई, अवनीत कौर, जसमीत कौर, वानी सक्सेना और अक्षत पटेल को सम्मानित किया गया। एचआर हेड गुरु जीत सिंह, रश्मि सक्सेना सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एनईपी-2020 और आधुनिक सुविधाओं पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बंथरा परिसर में मंगलवार को प्राधानाचार्य संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें एनईपी-2020 शिक्षा नीति और संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ साझा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों और विश्वविद्यालय के बीच संवाद स्थापित कर शैक्षणिक गुणवत्ता और आधुनिक सुविधाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर ईशिका सक्सेना ने किया।

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पाल ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि यहां छात्रों के लिए सुरक्षित हॉस्टल, बैंकिंग सेवा, आधुनिक कैफेटेरिया, स्मार्ट क्लासरूम, सेंट्रल लाइब्रेरी और खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने रोहिलखंड अस्पताल में उपलब्ध व्यावहारिक प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति की जानकारी दी, जबकि कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए छात्रों को तैयार करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. रवींद्र नाथ शुक्ला ने एमबीबीएस, एमडी-एमएस और अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। नर्सिंग कॉलेज के उपप्रधानाचार्य दीपक पचौरी ने नर्सिंग पाठ्यक्रमों का विवरण दिया, जबकि फार्मेसी कॉलेज के डॉ. प्रदीप सिंह और एलाइड हेल्थकेयर साइंसेज की उपप्रधानाचार्य नेहा गुप्ता ने संबंधित पाठ्यक्रमों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत इंटर कॉलेज औरंगाबाद खीरी के प्रधानाचार्य ब्रह्म प्रकाश मिश्रा, कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, किसान इंटर कॉलेज तिलहर के शिक्षक शिव सिंह चौहान और आरबीएम इंटर कॉलेज के कैप्टन रत्नेश कुमार जायसवाल सहित अन्य शिक्षाविदों ने विश्वविद्यालय की सुविधाओं की सराहना की और इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताया। समापन सत्र में सभी प्रधानाचार्यों ने विश्वविद्यालय परिसर और विभिन्न कॉलेजों का भ्रमण किया। प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल परिसरों को देखा। इसके बाद अतिथियों के सम्मान में दोपहर भोज का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। इस आयोजन से विद्यालयों और विश्वविद्यालय के बीच समन्वय मजबूत हुआ और छात्रों के भविष्य के लिए नई संभावनाएं बनीं।



कार्यक्रम में उपस्थित प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

● **वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में प्राधानाचार्य संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन**

# टावर पर चढ़े प्रेमी का शांतिभंग में चालान

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कपसेड़ा निवासी रामू ने ग्राम बिलहरा स्थित बीएसएनएल के टावर पर चढ़कर सोमवार को करीब छह घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा किया।

टावर के ऊपर बैठकर उसने मोबाइल से नीचे मौजूद परिजनों से संपर्क किया और क्षेत्र की एक लड़की से शादी करने की इच्छा जताते हुए उसे नीचे बुलाने की मांग करता रहा। काफी देर तक समझाने के बावजूद वह नीचे नहीं उतरा, लेकिन करीब 100 मीटर ऊंचाई पर लंबे समय तक बैठे रहने से कमजोरी आने लगी तो वह खुद ही नीचे उतर आया। हालत बिगड़ने पर कोतवाली पुलिस की ओर से उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद सुधार होने पर पुलिस ने उसे कोतवाली लाकर शांति भंग में चालान कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व नगर आयुक्त डॉ. बिपिन को दी विदाई

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पूर्व नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र एवं पूर्व सहायक अभियंता विक्रमाजीत यादव को नगर निगम कार्यालय में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों के कार्यकाल को याद करते हुए उनके नेतृत्व, समर्पण एवं निरंतर प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की मेयर अर्चना वर्मा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### आपदा प्रबंधन जल संरक्षण विषय पर रैली निकाली



राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं रैली निकालतीं।

शाहजहांपुर, अमृत विचार : आर्य महिला डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई ने चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन आपदा प्रबंधन जल संरक्षण विषय पर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू दुबे के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने बाडूजई प्रथम एवं ऋतु शर्मा के निर्देशन मे बाडूजई द्वितीय बस्ती में आपदा प्रबंधन जल संरक्षण विषय पर रैली निकाली तथा विभिन्न पोस्टरों व नारों से बस्ती में आसपास के दुकानों व घरों में जाकर प्राकृतिक व मानव निर्मित विभिन्न आपदाओं के बारे में व आगामी संकट से बचाव के लिए जानकारी दी। दूसरे सत्र में हुई संगोष्ठी में छात्राओं ने जल संरक्षण पर विचारों को साझा किया एवं सभी जागरूकता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### हादसे में पुत्र की मौत पिता गंभीर घायल

परौर, अमृत विचार : हनीफ खां अपने पुत्र अखलाक के साथ डीसीएम चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। सोमवार रात करीब 3 बजे पश्चिम बंगाल के दिनाजपुर जिले के इस्लामगढ़ थाना क्षेत्र में उनकी डीसीएम की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें अखलाक की मौके पर ही मौत हो गई और हनीफ खां गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अखलाक परिवार का सहारा था, जबकि परिवार में दो पुत्र और पांच पुत्रियां हैं, जिनमें दो पुत्रियां अविवाहित हैं और एक अन्य पुत्र आफाक खां की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। गांव के जावेद खान घायल हनीफ खां और शव को एंबुलेंस से गांव लेकर पहुंचे।


# शहीदों की प्रतिमाएं तोड़ने के प्रकरण में एई के पत्र वायरल

## एई ने किया छुट्टी पर होने का दावा, अनुमति देने से भी किया इनकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : टाउनहाल स्थित शहीदों की प्रतिमाएं बुलडोजर से गिराए जाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। नगर निगम की ओर से निलंबित किए गए कनिष्ठ अभियन्ता प्रमोद कुमार ने कार्रवाई को गलत बताया। कहा कि घटना के दिन वह और सहायक अभियन्ता मनोज कुमार छुट्टी पर थे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को छुट्टी लेकर गए थे और 23 मार्च को लौटे। उनसे प्रतिमाएं तोड़ने की कोई अनुमति नहीं ली गई।

उन्होंने कहा कि यदि उनसे अनुमति ली जाती तो प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक हटवाया जाता। छुट्टी से लौटने के बाद वह पूरे दिन नगर आयुक्त के साथ रहे, लेकिन इस मामले में उनसे कोई पूछताछ नहीं की गई। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र देकर जेसीबी उपलब्ध कराए जाने का कारण भी पूछा है। वहीं महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि यदि जेई और एई छुट्टी पर थे तो इस तथ्य की भी जांच कराई जाएगी। इस बीच एई का एक पत्र भी सामने


सोशल मीडिया पर वायरल पत्र।

- जेई और एई को किया जा चुका हैं निलंबित, जांच की मांग तेज

आया है। इसमें फर्म फ्लाई इन्फ्राटेक के सुपरवाइजर संदीप पाल से बातचीत के आधार पर यह उल्लेख किया गया है कि प्रतिमाएं हटाने की अनुमति नगर आयुक्त की ओर से दी गई थी और मूर्तियां ककरा स्थित एमआरएफ सेंटर में रखी गई हैं।

बता दें कि 22 मार्च की रात गांधी भवन के पास सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान नगर निगम की जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्राली और डम्पर से शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाएं तोड़ी गई थी। इसके बाद हंगामा मच गया था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई प्रतिमाएं लगाने के निर्देश दिए थे।

मामले में नगर आयुक्त और डीएम की ओर से जेई प्रमोद कुमार और एई मनोज कुमार को निलंबित किया गया था। साथ ही संबंधित फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट किया गया। घटना के सात दिन बाद नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र का ट्रांसफर कर उन्हें अपर प्रबंध निदेशक, उप्र परिवहन निगम बनाया गया है, जबकि उनके स्थान पर आईएएस सौम्या गुरुरानी को नगर आयुक्त शाहजहांपुर नियुक्त किया गया है। वायरल पत्र सामने आने के बाद मामले की जांच की मांग तेज हो गई है और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

### हमें अधिकारियों ने बलि का बकरा बनाया

इस मामले में निलंबित एई मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें व जेई को अधिकारियों ने बलि का बकरा बनाया है। उनका कोई दोष नहीं है। वह तो घटना वाले दिन छुट्टी पर थे। शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने की जानकारी होने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के कर्मी को फोन मिलाकर जानकारी ली थी। जिस पर कर्मी ने सीधे तौर पर तत्कालीन नगरायुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र का नाम लेते हुए बताया कि आयुक्त के आदेश से प्रतिमाएं तोड़ी गई हैं। एई ने कहा कि इस बात के उनके पास सारे सबूत हैं कि फ्लाई इंफ्रा के कर्मी ने नगरायुक्त का नाम लिया था। अधिकारियों ने इस मामले में एक और गड़बड़ की है। कंपनी से एग्रीमेंट किए बिना ही उसे काम दे दिया। जबकि नियमानुसार कंपनी से एग्रीमेंट किया जाना चाहिए था। उसके बाद उसे काम दिया जाना चाहिए था। एई ने कहा कि अगर वह दोषी हैं तो वह सजा भुगतने को तैयार हैं, लेकिन अगर निर्दोष हैं तो उन्हें सजा नहीं दी जानी चाहिए। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

> एई व जेई के इस तरह के किसी पत्र की जानकारी नहीं है। प्रकरण की जांच पुलिस कर रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। मुझे नहीं लगता कि तत्कालीन नगरायुक्त की ओर से ऐसा कोई आदेश दिया गया होगा। फर्म के साथ एग्रीमेंट हुआ था या नहीं यह जानकारी फाइल देखने से होगी।
>
> – एसके सिंह, अपर नगरायुक्त

## शहीद प्रतिमा प्रकरण में बयान के बाद खुलेगी पर्त

शाहजहांपुर, अमृत विचार: टाउनहाल में शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़े जाने में फर्म के खिलाफ दर्ज किया मुकदमें के मामले में सदर बाजार पुलिस ने अभी जेसीबी चालक तथा अन्य के बयान लेने की जररुत तक नहीं समझी। न ही किसी की गिरफ्तारी हुई है। यह प्रकरण विवेचना तक सीमित रह गया है।

नगर के मुख्य अभियंता आशीष त्रिवेदी ने थाना सदर बाजार में मुकदमा दज कराया था कि नगर निगम की ओर से टाउनहाल स्थित शहीद प्रतिमा स्थल का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा था, जिसमें शहीदों की प्रतिमाओं को नए निर्माणधीन पैडेस्टल पर शिफ्ट किया जाना है। इस कार्य के लिए नगर निगम की डिजायन निर्धारित करते हुए निविदा करायी गयी थी। लखनऊ की फर्म प्लाई इंफ्राटेक की ओर से कार्य कराया जा रहा था। 22 मार्च की रात में शहीद की प्रतिमाओं को जेसीबी से हटा दिया गया था। जांच में पाया गया कि शहीद प्रतिमाओं को हटाने में फर्म ने गरिमा के अनुरुप कार्यवाही नहीं की गयी। पुलिस ने फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की और न ही जेसीबी चालक तथा अन्य लोगों के बयान लेने के जरुरत नहीं समझी है।

# नियामतपुर में 1.41 करोड़ से बनेगा भव्य उत्सव भवन


भूमि पूजन करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व पूर्व जिपं अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया भूमि पूजन, रखी नींव
- 12 उत्सव भवनों की श्रृंखला का हिस्सा बना नियामतपुर

अमृत विचार: ग्राम नियामतपुर में मंगलवार को एक करोड़ 41 लाख की लागत से बनने वाले भव्य उत्सव भवन का भूमि पूजन वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव और पूर्व ग्राम प्रधान अभय यादव की ओर से एक-एक ईंट रखकर भवन की नींव डाली गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 12 उत्सव भवन बनाए जाने हैं, जिनमें से एक नियामतपुर में बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि टिकरी में स्पोर्ट कालेज निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति दिलाने के प्रयास सफल हुए हैं और जल्द ही वहां निर्माण कार्य शुरू होगा। इस अवसर पर बीडीओ भावलखेड़ा, जिला पंचायत राज अधिकारी, एसपी सिटी, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, अवधेश दीक्षित सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान रुपेश पांडे, कड़के, प्रेमकुमार, प्रेमकुमार वर्मा, विनोद वर्मा, सदानंद, राजवीर सिंह, रामविलास यादव, महिपाल यादव, विमल यादव, सूरज सिंह यादव और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में माताएं और बहनें भी शामिल रहीं।

# दो क्षेत्रों से तीन युवतियां अगवा, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चौक कोतवाली और सदर बाजार थाना क्षेत्र का मामला
- जाने से पहले एक युवती घर से अपने साथ ले गई जेवर

अमृत विचार : शहर में दोनों थाना क्षेत्रों में तीन युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवक तीनों युवतियों को अगवा करके ले गए। युवतियां अपने घर से नगदी और जेवर ले गई है। चौक कोतवाली और सदर बाजार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि 28 मार्च की साढ़े 3 बजे उनकी पुत्री सीतापुर आंख के अस्पताल में दवा लेने के लिए जा रही थी। रास्ते में तिलहर क्षेत्र का पंकज मिला, जो उसे अगवा कर ले गया। आरोपी ने 29 मार्च को शाम 5 बजे फोन से चार घंटे में लड़की वापस करने की बात कही थी, लेकिन लड़की अभी तक वापस नहीं की है। आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया है। जिस कारण युवती के परिवार के लोग काफी परेशान है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। इधर, इसी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी पुत्री इंटर की छात्रा है। 24 मार्च को घर से निकली थी और वापस लौटकर नहीं आई है। पड़ोसी अमित उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। उसकी बेटी घर में रखा जेवर साथ में ले गयी है। वह आरोपी के घर गई तो आरोपी के परिवार वाले गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट

कांट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला के एक व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री लखीमपुर एक शादी में गयी थी। वहीं पर उसकी बेटी की मुलाकात उद्यमसिंह नगर दीपक से मुलाकात हुई थी। दोनों लोग मोबाइल पर बातचीत किया करते थे। उन्होंने बेटी को फोन से बातचीत करने के लिए मना कर दिया था। उसका आरोप है कि 10 मार्च को आरोपी उसकी बेटी को अगवा करके ले गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

# वाहन ने तांगा को मारी टक्कर, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

- नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा शव की नहीं हुई शिनाख्त

अमृत विचार : तिलहर क्षेत्र में नेशनल हाइवे अज्ञात वाहन ने तांगा को टक्कर मार दी। हादसे में तांगा पर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पर भेजा गया। यहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल का उपचार चल रहा है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

तिलहर से कटरा की ओर एक तांगा सोमवार की रात साढ़े 9 बजे जा रहा था। तांगा पर चालक और एक अन्य व्यक्ति बैठे हुए थे। सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने तांगा को टक्कर मार दी। हादसे में तांगा चालक और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची ओर घायल तांगा चालक और एक अन्य व्यक्ति को सीएचसी तिलहर भेज दिया। यहां तांगा चालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 40 साल है। दूसरे का इलाज चल रहा है। तांगा बुरी तहर क्षतिग्रस्त हो गया। घायल बेहोशी की हालत में है। तिलहर प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि तांगा चालक की शिनाख्त नहीं पाई है। उन्होंने बताया कि शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव उवरिया निवासी जौहरी लाल अपनी साइकिल से सोमवार की दोपहर बाद खेत पर साइकिल से जा रहे थे। रास्ते में पीछे से एक अज्ञात वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार घायल हो गए। घायल को जलालाबाद सीएचसी पर भर्ती कराया गया। इसके अलावा बंडा थाना क्षेत्र के गांव हसनापुर निवासी अजय कुमार अपनी ससुराल पुवायां थाना क्षेत्र के गांव मजीदापुर आए हुए थे। वह अपनी पत्नी पूनम देवी और साली सीमा देवी को बाइक पर बैठाकर पुवायां से बंडा जा रहे थे।

### वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा

खुटार, अमृत विचार : खुटार से जाने वाले बंडा मार्ग पर गांव मलिका के पास वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पटलने से चालक व ई-रिक्शा पर बैठे कई लोग चोटिल हो गए। एक घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव कुसुमा निवासी सोबरन की पत्नी टिकोली देवी (60) मंगलवार दिन में पौने एक बजे घर की सदस्य रोली, मुस्कान के साथ कस्बा बंडा से ई रिक्शा में सवार होकर घर लौट रही थी। ई रिक्शा में अन्य सवारियां भी बैठी हुई थी। तभी खुटार-बंडा रोड पर गांव मलिका के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे ई रिक्शा पलट गया और बैठी सवारियां व चालक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर चला गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई और घायलों को सुरक्षित जगह पर बैठाया। सूचना पर 108 सेवा एंबुलेंस कर्मी शैलेश कुमार, रामेंद्र दुबे की मदद से घायल टिकोली देवी को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख टिकोली देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जबकि हादसे में मामूली चोटिल अन्य सवारियां मौके से अपने परिजनों के साथ घर चली गई। उधर, हादसे की जानकारी पाकर टिकोली देवी के घर के सदस्य अस्पताल पहुंचे। बाद में जिला मेडिकल कॉलेज लेकर चले गए।

# नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने जंक्शन पर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने रोजा जंक्शन स्टेशन पर रेल कर्मचारियों की जुड़ी समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। यूनियन ने मुरादाबाद मंडल के डीआरएम को पत्र भेजकर कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार की सुबह यूनियन कार्यालय पर एकत्रित हुए। यूनियन के कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर रोजा जंक्शन के पावर केविन के पास पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की ओर एक दिवसीय धरना दिया। धरना स्थल पर रोजा शाखा यूनियन के सचिव अमित भागवत ने संबोधित



रोजा जंक्शन पर धरना देते हुए नरमू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

करते हुए कहा कि सहायक लोको पायलटों को सीनियर लोको पायलट के पद पदोन्नत न किए जाने उन्हें वित्तीय नुकसान हो रहा है। यह मुद्दा 16 अक्टूबर को डीआरएम की बैठक में उठाया गया था।

उन्होंने कहा कि सीनियर लोको पायलट से लोको पायलट मेल के 122 कर्मचारियों को प्रमोशन 21 फरवरी 2025 में निकाला गया था, लेकिन 122 सीनियर सहायक लोको पायलट की रिक्तियों को प्रत्याशित नहीं किया गया। उन्होंने सहायक मंडल अभियंता सेकेंड के

- डीआरएम को भेजा ज्ञापन, चेतावनी निराकरण न होने पर होगा आंदोलन

अधीन रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड के दोहरीकरण के बाद 150 पदों के समायोजन न होने का मुद्दा भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि पहले से मौजूद पदों को भी कम कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त गैटमैन की ड्यूटी से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। धरने पर शाखा अध्यक्ष अवधेश सक्सेना, चंदन कुमार, दिनेश, शरद, आनंद राज, पवन वर्मा, सुधीर सिंह, अभय सिंह आदि मौजूद थे।

## सरिया चोरी करते युवक को पकड़ा रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पुवायां में पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से सरिया चोरी करने के आरोपी को लोगों की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की सरिया बरामद की है। पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी पुष्पेंद्र ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उनके निर्माणाधीन प्लाट के पास मकान निर्माण की सामग्री रखी थी। सोमवार की रात में एक युवक उनके निर्माणाधीन मकान के पास से लोहे की सरिया चोरी कर रहा था। उन्होंने अपने सहयोगियों की मदद से चोर को पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर आलोक वर्मा निवासी टकेली थाना पुवायां है।

# पूर्व संध्या पर जगमगाया हनुमतधाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: हनुमत धाम विसरात घाट पर आज और कल को दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आज सुबह 8 बजे श्रीराम चरित मानस के अखण्ड पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे प्रभु श्रीराम के राजतिलक कार्यक्रम के साथ अखण्ड पाठ का समापन किया जाएगा, जिसके बाद हवन और सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक विशाल भंडारा व प्रसाद वितरण होगा। शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

इस वर्ष भजन संध्या में मुंबई की प्रसिद्ध गायिका स्वाती मिश्रा और वृन्दावन के भजन गायक राधिकेश


पूर्व संध्या पर जगमग हनुमतधाम स्थल।

अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। आयोजन स्थल पर हनुमान जी की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहती है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। वर्ष 2013 में इस प्रतिमा का अनावरण स्वामी सत्यमित्रानंद के कर कमलों से हुआ था और तभी से यहां हर साल भव्य आयोजन होते आ रहे हैं।

हनुमत धाम को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पर्यटन मानचित्र

- अखंड पाठ, भंडारा और भजन संध्या के होंगे भव्य आयोजन

पर भी स्थान दिया गया है और यहां पूर्व में कई केंद्रीय व राज्य स्तरीय अतिथि भी आ चुके हैं। खन्नौत नदी के बीच टापू पर स्थित यह धाम प्राकृतिक सुंदरता के साथ धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां सौ बेड का निःशुल्क आश्रय गृह, स्वामी विवेकानंद पब्लिक लाइब्रेरी और नए घाट व प्रवेश मार्ग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। महोत्सव की पूर्व संध्या पर पूरे परिसर को विद्युत झालरों और फूलों से सजाया गया। श्री हनुमत धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं को भंडारा और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिवस का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रूपांशुमाला ने ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्रो. दुर्गावती सिंह, रेंजर्स प्रभारी अनुराधा, पारुल यादव, सीतू सक्सेना व प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव और रेंजर्स छात्राएं शामिल रहीं। प्राचार्या प्रो. रूपांशुमाला ने रेंजर्स का प्रशिक्षण ले रहीं छात्राओं की निष्ठा व कर्मठता की प्रशंसा की। प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण के चौथे दिवस पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। प्रो. दुर्गावती सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन समापन कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण में सीखी गई गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

# मिशन शक्ति में जैतीपुर में बनी दामिनी टीम

संवाददाता, जैतीपुर

अमृत विचार: थाना परिसर में मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत दामिनी टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भवरें और क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुआ। इसमें क्षेत्र की समाजसेवी महिलाओं को थाना परिसर में बुलाकर उन्हें अभियान के उद्देश्य और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन की भावना को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से

- महिलाओं को सुरक्षा और सशक्तिकरण से जोड़ने की पहल
- पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में हुआ गठन कार्यक्रम
- हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया जागरूक

जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन, इमरजेंसी हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शामिल हैं। महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस का सहयोग करने और जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान दामिनी टीम की सभी महिला सदस्यों को उत्साहवर्धन के लिए उपहार देकर सम्मानित किया।

## आग में सात एकड़ गेहूं की फसल जली किसान परेशान

कुर्रिया कला, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम सफत्यारा एवं पैतापुर में अचानक आग लगने से किसानों की लगभग सात एकड़ तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ददरौल विधानसभा क्षेत्र विधायक अरविन्द सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने तहसील प्रशासन से वार्ता कर फसल का तत्काल सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। थाना कांट पुलिस प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। विधायक अरविन्द सिंह ने कहा कि कटाई से ठीक पहले आग से किसानों की वर्ष भर की मेहनत बर्बाद हो गई है।

# आग से 65 बीघा गेहूं राख, किसानों पर संकट

संवाददाता, बंडा

अमृत विचार : शाहजहांपुर के बंडा ब्लॉक के ग्राम पड़रिया दलेलपुर में सोमवार शाम करीब चार बजे अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने करीब 65 बीघा से अधिक खड़ी गेहूं की फसल को कुछ ही देर में राख कर दिया। इस हादसे में दर्जनों किसान प्रभावित हुए हैं, जिनमें कई किसान ठेके की जमीन पर खेती कर रहे थे। अचानक खेतों में धुआं उठने के बाद आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते कई खेत इसकी चपेट में आ गए। किसानों ने ट्रैक्टर, बैलगाड़ियों और अन्य साधनों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे कुछ फसल बचाई जा सकी, लेकिन अधिकांश खेतों की फसल जलकर नष्ट हो गई।

आग की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ी करीब एक


खेत में लगी आग। ● अमृत विचार

- दमकल देर से पहुंची, किसानों ने स्थायी फायर वाहन की मांग उठाई
- मुआवजा दिलाने की मांग, कई किसानों की पूरी फसल खत्म

घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे नुकसान और बढ़ गया। आग बुझाने के दौरान कई किसान अपने खेतों में खड़े होकर रोते नजर आए। किसानों ने बताया कि उनकी साल भर की मेहनत एक झटके में खत्म हो गई और ठेके पर ली गई जमीन का कर्ज चुकाना भी मुश्किल हो गया है। इस अग्निकांड में वेदराम की 18 बीघा, लज्जावती की 8 बीघा, संतकुमार की 9 बीघा, सालिकराम की 7 बीघा, रामौतार की 4 बीघा, रामनरेश की 4 बीघा, गुड्डू की 5 बीघा, रामचंद्र की 3 बीघा, शेर सिंह की 2 बीघा, प्यारी देवी की 3 बीघा और शिशुपाल की 4 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। कई छोटे किसानों की 1-2 बीघा फसल भी पूरी तरह जल गई। कुल मिलाकर 65 बीघा से अधिक क्षेत्र प्रभावित बताया जा रहा है। घटना के बाद किसानों ने प्रशासन से स्थायी दमकल वाहन की व्यवस्था करने और फसल नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव हो सके और किसानों को राहत मिल सके।

### गैस पाइपलाइन लीक, किशोरी समेत तीन झुलसे

जैतीपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के मरुआझाला गांव में मंगलवार दोपहर खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप में रिसाव होने से आग लग गई, जिसमें 15 वर्षीय मोहिनी, उसके पिता दिनेश और 10 वर्षीय भाई छोटू गंभीर रूप से झुलस गए। मोहिनी गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी तभी पाइप लीक होने से आग भड़क उठी और वह आग की चपेट में आ गई।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला जज व डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश विवेक संगल व जिलाधिकारी अवनीश राय ने रविवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी आपत्तिजनक वस्तु का मिलना प्रकाश में नहीं आया। रविवार को जनपद न्यायाधीश विवेक संगल व जिलाधिकारी अवनीश राय ने जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में जेल अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाकशाला, स्वास्थ्य केंद्र आदि का निरीक्षण भी किया। कारागार के निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री त्वरित योजना के अंतर्गत मिले पांच करोड़

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरीश शाक्य की मेहनत निरंतर रंग ला रही हैं। उनके प्रयास के चलते क्षेत्र में सड़कों के नवनिर्माण के लिए मुख्यमंत्री त्वरित योजना के अंतर्गत 4 करोड़ 95 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। त्वरित योजना के माध्यम से बेहटा जवी, ग्राम गढ़ी, सिमर्रा भोजपुर, गडरपुरा गुधनी, उझानी बरामालदेव रम्पुरा ऐनुद्दीन एवं बीवीगंज आदि ग्राम पंचायतों में कार्य होगा। इस धनराशि से क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य कराया जाएगा, जिससे आने वाले समय में सड़कें बेहतर और सुरक्षित नजर आएंगी। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़क मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नव निर्माण का कार्य लगातार कराया जा रहा है। अब क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाने और आवागमन को मजबूत करने के लिए 4 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता में सड़क मार्गों का विकास सबसे पहले है। जब यातायात के मार्ग सरल और सुगम होंगे तो आम जनमानस को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़कें होने से लोगों की आवाजाही आसान होगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में जहां-जहां सड़कों की आवश्यकता होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# बिल्सी में निकाली गई भगवान महावीर स्वामी की शोभा यात्रा

## फूल वर्षा कर जगह-जगह किया गया शोभा यात्रा का स्वागत


महावीर की मूर्ति को सिर पर रखकर जैन मंदिर से रथ में सवार होने जाते सेवादार


शोभा यात्रा में शामिल झांकी के साथ चलते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मोहल्ला दो स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर की ओर से भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली गई। झांकियों के साथ रथ पर भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति को लेकर प्रशांत कुमार जैन विराजमान हुए। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

सबसे पहले मंदिर में खवासी की बोली प्रशांत कुमार जैन, सारथी की बोली मेरठ के विकाश जैन, कुबेर की बोली निखिल जैन ने उठाई। शोभा यात्रा जैन मंदिर से शुरू होकर बालाजी तिराहा, सर्राफा बाजार, मुख्य बंबा चौराहे, कटरा बाजार, जैन मार्केट होती हुई मोहल्ला साहबगंज स्थित प्राचीन पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर पहुंची, जहां से इसी मार्ग से वापस होती अमर कोल्ड स्टोरेज स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। इसके बाद शोभा

- आकर्षक झांकियां निकाली गईं, महिलाओं ने गाया मंगल गीत

यात्रा ज्वाला प्रसाद जैन जूनियर हाईस्कूल पर पहुंचकर विसर्जित हुई। भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति को लेकर पैदल मार्ग से मोहल्ला नंबर दो स्थित जैन मंदिर में विराजमान किया गया। शोभा यात्रा का नगर के व्यापारियों ने जगह-जगह स्वागत किया। शोभा यात्रा में भगवान महावीर स्वामी की झांकी समेत कई झांकी शामिल रही जिन्हें देखने के लिए नगर और आस-पास क्षेत्र जैन समाज के लोग पहुंचे। शोभा यात्रा में पीछे महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। इसमें एटा, बहजोई, उझानी, बदायूं, इस्लामनगर आदि स्थान से जैन समाज के लोगों ने यहां पहुंचकर शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। सफल आयोजन में मृगांक कुमार जैन, अनिल जैन, सोनी, भूपेंद्र जैन, आशीष जैन, अरविंद जैन, ममता जैन, अर्चना जैन, रीता जैन, रेखा जैन आदि का सहयोग रहा।

## दो को बिल्सी में मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**बिल्सी , अमृत विचार :** नगर की श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जी का जन्मोत्सव यहां दो अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा जिसको लेकर यहां तैयारियां शुरु कर दी गईं। बताते हैं कि एक अप्रैल की सुबह शिव शक्ति भवन मंदिर में सुंदरकांड किया जाएगा। इसके अलावा 2 अप्रैल की सुबह हनुमान बाबा पर विशेष चोला चढ़ाया जाएगा। सुबह 10 बजे से नगर के मुख्य बाजार स्थित पीएनबी से बैंड बाजों के साथ हनुमान जी आकर्षक झांकियों के साथ एक भव्य डोला निकाला जाएगा जो बंबा चौराहे के निकट शिव शक्ति भवन मंदिर पर जाकर समाप्त होगा। नगर के श्री सिद्धपीठ बालाजी धाम पर हनुमान जन्मोत्सव 12 बजे महाआरती दरबार के महंत मटरू मल शर्मा द्वारा संपन्न होगी। इसके बाद कन्याओं को भोज कराया जाएगा। इससे पहले दरबार में भगवान हनुमान को 156 व्यंजनों का भोग लगाया गया। नगर के मोहल्ला संख्या चार स्थित संकट मोचन दरबार में बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# झटका मशीन तार के करंट से युवक की मौत

संवाददाता, बिसौली/दबतोरी

**अमृत विचार :** खेत पर काम करने के दौरान एक श्रमिक को झटका मशीन से करंट लग गया। श्रमिक की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। गांव के पास श्मशान में अंतिम संस्कार किया गया। खेत मालिक पर मामला दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


मृतक विष्णु मोहन

आसफपुर क्षेत्र के गांव मुसिया नगला निवासी विष्णु मोहन (18) पुत्र मदन पाल, सुनील पुत्र लच्छू, अभिषेक पुत्र नेत्रपाल पास के गांव भरतपुर में मजदूरी पर मक्का की बुवाई कर रहे थे। यह खेत करेंगी निवासी एक किसान का है। काम के दौरान विष्णु मोहन थकने पर सुस्ताने के लिए पास में गांव भरतपुर निवासी सतेंद्र पुत्र नेतराम के खेत

- पोस्टमार्टम के बाद गांव लाया गया शव तो मच गया चीत्कार

किनारे बैठे। इसी दौरान झटका मशीन की लाइन से उन्हें करंट लग गया और वह बेसुध हो गए। सुनील का भी करंट लगा। सूचना मिलने पर उनके परिजन पहुंचे। बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने विष्णु मोहन को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि झटका मशीन से तारकशी को हाईटेंशन लाइन से जोड़ा गया था जिसकी वजह से मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विष्णु मोहन अपने चार भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। खेत मालिक पर रिपोर्ट दर्ज की गई। मृतक के पिता ने कहा कि पुलिस ने खेत मालिक पर सख्त कार्रवाई नहीं की है। वह अधिकारियों से शिकायत करेंगे। दबतोरी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक राम मेहर सिंह ने बताया कि खेत मालिक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मुख्य वन संरक्षक ने वन विभाग का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बरेली से आए मुख्य वन संरक्षक ने मंगलवार को वन विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। अभिलेख देखे। डीएफओ के साथ बैठक कर आगामी गतिविधियों के बारे में गहन चर्चा की। निरीक्षण के दौरान वन कर्मचारियों के हलक सूखे रहे।

मंगलवार को दोपहर 12 बजे मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह यहां पहुंचे। वन विभाग परिसर में उनका स्वागत किया गया। उसके बाद पीपी सिंह ने कार्यालय में अभिलेखों को देखा। रखरखाव सही करने के निर्देश दिए। कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने एक एक कर परिचय दिया। उसके बाद डीएफओ कार्यालय में आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान


रजिस्टर देखते मुख्य वन संरक्षक

- कार्यालय का लेखा विभाग किया चेक, रखरखाव देखा
- वन विभाग परिसर में निरीक्षण के समय हलकान रहे कर्मचारी

डीएफओ निधि चौहान ने बताया कि जुलाई और अगस्त माह में होने वाले पौधा रोपण अभियान की तैयारी की जा रही है। पाठशाला में पौधे तैयार हो रहे हैं। सभी पौधशालाओं में 80 लाख से अधिक पौधे तैयार किए जा रहे हैं। पौधा रोपण के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। मई और जून में गड्ढे तैयार किए जाएंगे।

# आधे दिन खुला जिला अस्पताल, मरीज रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** महावीर जयंती के चलते मंगलवार को जिला अस्पताल आधे दिन खुला। इस दौरान दूर-दराज से आए मरीजों को दवा नहीं मिली। दवा के लिए मरीज इधर-उधर भटकते रहे। परेशान होकर अपने घरों को लौट गए। पर्चा काउंटर 11 बजे से पहले ही बंद कर दिया गया।

महावीर जयंती के मौके पर जिले भर में सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालय बंद रहे। जिला अस्पताल भी आधे दिन ही खुला। जो मरीज सुबह दस बजे तक अस्पताल पहुंच गए उनके पर्चे भी बने और चिकित्सकों ने दवाएं भी लिखीं लेकिन साढ़े दस बजे आने वाले मरीजों के पर्चे नहीं बने। ठीक साढ़े दस बजे पर्चा काउंटर बंद कर दिया गया।

देर से आए मरीजों के पर्चे भी नहीं बन पाए। तमाम मरीज


जिला अस्पताल में इधर-उधर भटक रहे मरीज ● अमृत विचार

- महावीर जयंती के अवकाश पर इलाज के लिए भटकते रहे मरीज
- जिला अस्पताल में देर से पहुंचने वालों को नहीं मिली दवा

पर्चा बनवाने को इधर-उधर बात करते रहे। बाद में अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि महावीर जयंती के चलते आधे दिन अस्पताल खुला। अब कल पर्चे बनाए जाएंगे। कादरचौक क्षेत्र के ग्राम असरासी से आई महिला ने कहा कि उसे बस नहीं मिली जिससे वह जल्दी नहीं पहुच सकी। वह किराया खर्च कर आयी है फिर खाली हाथ लौटना पड़ेगा। महिला ने बताया कि उसे कई दिन से बुखार है। उसने गांव के ही एक चिकित्सक से दवा ली थी, उससे आराम नहीं मिला, इसलिए आज अस्पताल आई थी। अन्य दर्जनों मरीज परेशान होकर वहीं पर बैठे रहे। बाद में वह अपने घरों को लौट गए।

जिला अस्पताल के सीएमएस डा.अमित वार्ष्णेय ने कहा कि मंगलवार को हर विभाग बंद रहे। फिर भी यहां पर आधे दिन दवा दी गई। अब मरीजों को भी पता होना चाहिए कि अवकाश के दिन न आएं। कुछ मरीजों को अवकाश की जानकारी नहीं होती है इसलिए भूलवश आ जाते हैं।

### जिला महिला अस्पताल में नहीं हुए अल्ट्रासाउंड

महावीर जयंती के अवकाश के चलते जिला महिला अस्पताल में भी पूर्वान्ह 11 बजे तक ही ओपीडी खुली। दूर-दराज से आने वाली महिला मरीजों को चिकित्सक नहीं मिलीं जिससे उन्हें लौटना पड़ा। गर्भवती महिलाओं को भर्ती किया गया। अवकाश के चलते अल्ट्रासाउंड नहीं हुए। दर्जनों महिलाएं लौट गईं। अवकाश की जानकारी न होने के कारण दूर-दराज से आने वाली गर्भवती महिलाओं को बिना जांच कराए लौटना पड़ा। महिला अस्पताल का स्टाफ भी 11 बजे तक ही रूका, उसके बाद अस्पताल से सभी निकल गए।

### मेडिकल कालेज में भी मरीज हुए परेशान

राजकीय मेडिकल कालेज में भी मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाएं आधी-अधूरी रहीं। अवकाश के चलते कर्मचारी नजर नहीं आये। आपातकाल कक्ष में ही तीन डॉक्टर मौजूद रहे। उन्होंने केवल इमरजेंसी मरीजों को ही अटेंड किया जबकि हर दिन की तरह दवा लेने आए मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा। यहां पर सुबह दस बजे के बाद ही डॉक्टर निकल गए जिससे सैकड़ों मरीजों को परेशानी हुई। राजकीय मेडिकल कालेज में डॉक्टरों की मनमानी से मरीजों को हर दिन परेशान होना पड़ता है। यहां पर किसी से शिकायत करना भी संभव नहीं है। महावीर जयंती के अवकाश के चलते जिले के मरीजों को खासी परेशानी रही।

# पीसीएस परीक्षा में मिली 59 वीं रैंक

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** नगर उझानी निवासी समर्थ देव ने पीसीएस परीक्षा 2024 उत्तीर्ण की है। समर्थ को परीक्षा में उन्हें 59 वीं रैंक मिली है। उनका कमर्शियल टैक्स ऑफिसर (सीटीओ) पद पर चयन हुआ है। समर्थ को यह सफलता तीसरे प्रयास में मिली है। समर्थ का चयन होने पर परिवार में खुशी का माहौल है। हालांकि परिवार के साथ खुशी बांटने के दौरान वह परिवार के साथ नहीं हैं। वह पीसीएस 2025 की मुख्य परीक्षा देने के लिए लखनऊ में हैं। परीक्षा का परिणाम आने के बाद इसकी जानकारी उनके द्वारा ही परिजनों को दी गई।

समर्थ देव कस्बा के मोहल्ला अयोध्यांज निवासी व्यापारी मनोज कुमार के सबसे बड़े पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अयोध्या प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर से हुई। इंटरमीडिएट महात्मा गांधी


पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले समर्थ देव परिवार के साथ। ● अमृत विचार

- समर्थ को तीसरे प्रयास में मिली सफलता, परीक्षा उत्तीर्ण करने पर परिवार में खुशी का माहौल

पालिका इंटर कॉलेज से करने के बाद उन्होंने कोटा से कोचिंग ली और हिमाचल के हमीरपुर से बी. आर्किटेक्चर की पढ़ाई पूरी की। समर्थ देव का रूझान सिविल सर्विस पर था इसलिए उन्होंने मिल रही जॉब को ठुकरा दिया। इसके बाद उनके द्वारा घर पर रह कर पीसीएस परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई। और रिजल्ट उनकी मेहनत के अनुरूप ही आया। उनके चयन से परिवार में जश्न का माहौल है और घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## बंजरिया में शिक्षक सम्मान व विदाई समारोह आयोजित

**बिसौली, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र बिसौली के संविलियन विद्यालय बंजरिया में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शिक्षिका पूनम लता सक्सेना का विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य, विशिष्ट अतिथि आसफपुर ब्लॉक प्रमुख, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। बिसौली विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है और वह कभी रिटायर नहीं होता। विद्यालय के अनुशासन और शैक्षिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए घोषणा की कि विद्यालय के विकास के लिए विधायक निधि से हर संभव मदद की जाएगी। शिक्षिका पूनम लता सक्सेना को सभी ने नम आंखों से भावभीनी विदाई दी।

# सड़कों पर चल रहे डग्गामार वाहन


बैठक के दौरान मौजूद जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** चौराहों से डग्गामार वाहनों के संचालन की वजह से प्राइवेट बस संचालक परेशान हैं। वह अधिकारियों से लगातार संचालन बंद कराने की मांग कर रहे हैं लेकिन निस्तारण नहीं हो पा रहा है। सोमवार को जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन ने एसएसपी अंकिता शर्मा को समस्या से अवगत कराया और सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

इससे पहले यूनियन के अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में प्राइवेट बसों के मालिक व कर्मचारियों की बैठक हुई। बैठक में

- जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने एसएसपी को सौंपा मांग पत्र

भामाशाह चौक पर अस्थाई अवैध स्टैंड बनाकर सवारियां भर रहे डग्गामार वाहनों को बंद कराने को लेकर चर्चा की। इसके बाद एसएसपी को मांग पत्र दिया गया। दिये गए ज्ञापन में कहा गया है कि कई महीने से भामाशाह चौक से ईको, टेंपो जिनमें से कुछ के तो परमिट भी नहीं हैं या 15 किमी की दूरी का ही परमिट है, का संचालन किया जा रहा है। वह स्टेज कैरिज के नहीं बल्कि कॉन्ट्रैक्ट कैरिज के हैं। इन वाहनों का संचालन भामाशाह चौक से उसावां, उसहैत, इस्लामनगर, बिल्सी, सहसवान तक होता है। इससे बस संचालकों को नुकसान हो रहा है जबकि वह टैक्स भी देते हैं। चौराहे पर वाहन खड़े होने से राहगीरों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

एसएसपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ भारत गुप्ता, अच्छे मियां, अनिल अग्निहोत्री, मुस्लिम खान, वसीम मियां, राजू जैन, विनय कुमार, शराफत मियां, हसन खान, श्याम कुमार सिंह, बख्तियारुद्दीन, नेत्रपाल, वीरपाल, नरेंद्र सिंह, प्रेमपाल सिंह, साजिद खान आदि उपस्थित रहे।

## प्रताड़ना से परेशान युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की नगर पंचायत मुड़िया धुरेकी में एक युवक का शव कमरे में फंदे लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नगर पंचायत के मोहल्ला कश्यपान निवासी सुरेश कश्यप (30) पुत्र डालचंद ने लगभग 10 साल पहले तलाकशुदा सावित्री से कोर्ट मैरिज कर ली थी। दो बच्चों का जन्म हुआ था लेकिन दोनों की ही मौत हो गई। सोमवार को सुरेश कश्यप ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव फंदे से उतारकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के भाई अमर सिंह ने बताया कि सावित्री की थाने के एक सिपाही से बात होती थी। सुरेश इस पर नाराजगी व्यक्त करते थे। दोनों में आए दिन झगड़ा होता रहता था। सोमवार को भी दोनों में विवाद हुआ था।




**तैयारी** अंत्योदय और राष्ट्रवाद के संकल्प के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता समर्पित : डॉ . दिनेश

# भाजपा स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा के स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी डॉ. दिनेश शर्मा ने पदाधिकारियों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद के विचार ही पार्टी की आधारशिला हैं।


प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ . दिनेश शर्मा व अन्य।


जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इन मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रम होंगे जिसमें प्राथमिक सदस्य, सक्रिय सदस्य और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो। हर कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का ध्वज फहराए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण करे। गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित करते हुए सरल ऐप पर अपलोड किया जाय।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन 8 व 9 अप्रैल और ग्राम व बस्ती संपर्क अभियान 7 से 12 अप्रैल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बूथों पर उनके विचारों को स्मरण किया जाएगा।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic




★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# ब्रेक डाउन में रहा शेखूपुर फीडर छह घंटे गुल रही क्षेत्र की बिजली

## बिजली संकट से लाखों उपभोक्ता रहे परेशान, शाम को शुरू हो सकी आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शेखूपुर फीडर मंगलवार सुबह से ब्रेकडाउन में चला गया। इससे पूरे क्षेत्र की बिजली छह घंटे तक गुल रही जबकि सोमवार की देर शाम आंधी के दौरान जिले भर की बिजली पांच घंटे तक ठप रही जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार की सुबह नौ बजे से शेखूपुर फीडर अचानक ब्रेक डाउन में चला गया जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बिजली ठप होने से उपभोक्ताओं के सामने पानी का संकट पैदा हो गया। लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे। बिजली विभाग की ओर से बताया गया कि फीडर ब्रेकडाउन में चला गया है। फीडर पर काम किया जा रहा है। कुछ देर बाद ही बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी लेकिन दोपहर बाद दो बजे तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई। शेखूपुर फीडर पर करीब छह घंटे तक काम किया गया। लाइन और केबल बदलने के साथ ही मशीन को भी दुरुस्त किया गया। फीडर पर काम होने की जानकारी देते हुए विभागीय अधिकारियों ने बताया कि देर रात आंधी के दौरान कुछ दिक्कत रही लेकिन रात में लाइन चालू कर दी गई ।बाद में आज सुबह फीडर अचानक ब्रेकडाउन में चला गया जिसके बाद काम किया गया। दोपहर दो बजे के बाद बिजली आपूर्ति शुरू हुई तो उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।



रात में खंभे पर मरम्मत करता कर्मचारी

- सोमवार रात को भी आंधी में सात घंटे ठप रही आपूर्ति

उसहैत क्षेत्र के कटरा सआदतगंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह आठ बजे से बिजली गुल रही जो करीब 11 बजे शुरू हुई। तीन घंटे की अघोषित कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान रहे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग के कर्मचारी बिना कोई कारण बताए अचानक बिजली आपूर्ति ठप कर देते हैं जिससे परेशानी होती है। हालांकि 11 बजे के बाद बिजली आपूर्ति नियमित रही, जो दो बजे तक चली लेकिन अचानक कटौती से जहां घरों में बच्चों-महिलाओं को दिक्कत होती है वहीं अन्य कामकाज प्रभावित होते हैं।

### आंधी में टूटे दर्जन भर लाइनों के तार

सोमवार की शाम को तेज हवाएं शुरू हो गईं। करीब आठ बजे तेज आंधी के दौरान जिले भर की बिजली गुल हो गई। रात 11 बजे तक आंधी से करीब दर्जन भर स्थानों पर तार टूटे। इससे विभाग को रात में ही लाइनें ठीक करनी पड़ी ।सलारपुर ब्लॉक क्षेत्र में खंभे से टूटे तार को रात 12 के बाद ठीक किया गया जिसके बाद लाइन को चालू किया गया। आंधी में कई जगहों पर तार टूटने और तारों पर पेड़ की टहनियां टूट कर गिरने की घटनाएं हुईं। आंधी के दौरान जनपद के उपभोक्ता अंधकार में रहे जिससे अनहोनी की आशंका भी बनी रही।

> मंगलवार को शेखपुर फीडर कुछ देर के लिए ब्रेकडाउन में चला गया। लेकिन कर्मचारियों ने बिजली घर पर काम करने के बाद सप्लाई चालू कर दी। अब पूरे क्षेत्र में सप्लाई दी जा रही है। रात को भी कुछ स्थानों पर तार टूटने की घटनाएं हुई जिन्हे रात को ही ठीक कर दिया गया। अब कहीं से कोई शिकायत नहीं मिल रही है।
> **संजीव कुमार** - अधिशासी अभियंता प्रथम

# तेल गोदाम से हजारों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोर पुलिस गश्त को चुनौती दे रहे हैं। बेखौफ चोरों ने व्यापारियों की नींद उड़ा दी है। सोमवार रात चोरों ने एक तेल गोदाम को निशाना बनाया। हजारों रुपये का माल पार कर लिया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

आसफपुर-ओरछी मार्ग पर जिला संभल के नगर चंदौसी निवासी आदित्य वार्ष्णेय का श्री श्याम जी ट्रेडर्स नाम से तेल गोदाम है। सोमवार को वह गोदाम बंद करके घर चले गए थे। मंगलवार सुबह गोदाम पर पहुंचे तो सामान बिखरा होने पर चोरी की जानकारी हुई।

गोदाम पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। जिसमें तीन चोर तेल के पीपा ले जाते नजर आ रहे हैं। पता चला कि चोर छत के रास्ते भीतर आए थे। लगभग बीस हजार रुपये के छह पीपा तेल और मशीन के तार ले गए। कार्यालय का जाल काटने का प्रयास किया। उनके प्रतिष्ठान पर चौथी बार चोरी हुई है। पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। व्यापारी ने तहरीर देकर खुलासा की मांग की है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में घोषित हुआ वार्षिक परीक्षाफल



परीक्षाफल के साथ खड़े स्कूली बच्चे, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के शिक्षण संस्थान गौशाला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसे सुनकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लोकेश बाबू वार्ष्णेय, सह-व्यवस्थापक नरेंद्र मोहन गरल और कोषाध्यक्ष राजीव मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के सभी स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को दिनेश बाबू वार्ष्णेय की ओर से उत्साहवर्धन के लिए 100 रूपये प्रति छात्र की नकद राशि उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इसके साथ ही, अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने प्रगति पत्र (अंक पत्र) और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान राजीव शर्मा, राहुल शर्मा, दीपक चौहान, सुभाष चन्द्र वर्मा, हरपाल, देवपाल, हरस्वरूप शाक्य और वीरेंद्र पाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता का विरोध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

**अमृत विचार :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं अव्यावहारिक है। इसके विरोध में पूरे देश के लाखों शिक्षक आगामी 4 अप्रैल को देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगे।

मंगलवार को श्री सिंह टाउनहॉल स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन की अनुमति दिल्ली प्रशासन द्वारा प्रदान कर दी गई है। जनपद शाहजहांपुर से दो हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं इस प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए तैयार हैं तथा प्रत्येक विकासखंड से कम से कम एक बस भेजना अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के 01 सितम्बर 2025 के आदेश के प्रभाव से देशभर के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। यदि निर्धारित समयावधि तक टीईटी उत्तीर्ण नहीं किया गया तो शिक्षकों को सेवा से पृथक करने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

श्री सिंह ने बताया कि टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस मुद्दे को लेकर लगातार प्रयास किए हैं। सांसदों के माध्यम से ज्ञापन, जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन एवं शिक्षा मंत्री से वार्ता की, लेकिन अब तक केंद्र सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि अपने अधिकारों की रक्षा हेतु अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर इस आंदोलन को सफल बनाएं। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विकासखंडों से निर्धारित संख्या से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान मुनीश मिश्र, रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, ब्रजेश कुमार वर्मा, राजकुमार सिंह, सरताज अली, यशपाल सिंह, डॉ. विनय गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह, अरुण भदौरिया, अश्विनी अवस्थी, अरविंद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# बजट खर्च नहीं कर सका राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लाखों का धन बचा, आशाओं को मिलना था पैसा
- नए सत्र का बजट जारी होने पर शुरू हो सकेंगे आगे के काम

**अमृत विचार :** शासन से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत करोड़ों का मिला बजट में से लाखों रूपये विभाग के पास पड़ा है। विभाग उसे खर्च नहीं कर सका है। इस धनराशि में से आशा कार्यकत्रियों को पैसा दिया जाना था जबकि कुछ धन अन्य मदों में खर्च किया जाना था। विभाग का कहना है कि अब नए साल में मिलने वाले बजट में ये धनराशि जोड़कर खर्च की जाएगी।

जनपद में स्वास्थ्य विभाग को हर साल करोड़ों का बजट शासन से मिलता है। इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का बजट अलग से होता है। वर्ष 2025-26 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को करीब 38 करोड़ का बजट दिया गया था। इस बजट में एनआरएचएम द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मानदेय व उनके चिकित्सकों का वेतन दिया जाता है।

चिकित्सकों का वेतन और संविदा कर्मियों का मानदेय दिया गया लेकिन इसमें से आशा संगिनी का मानदेय कुछ महीने का नहीं दिया गया, साथ ही, कुछ अन्य मदों को मिलने वाली धनराशि भी खर्च नहीं की गई जो विभाग के पास पड़ी है। इस बजट में से करीब 37 लाख रुपये विभाग के पास बचे हैं जो पिछले वित्तीय वर्ष में खर्च नहीं किया गया।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी मदों का पैसा बराबर खर्च किया गया। कुछ आशा और संगिनी का मानदेय किसी कारणवश रुका है, अब जो अगले साल का बजट मिलेगा उसमें यह धनराशि जोड़कर खर्च की जाएगी। विभाग के पास सभी खर्चो का पूरा विवरण है।

### आशाओं ने मानदेय की मांग को लेकर की थी हड़ताल

पिछले साल दिसम्बर माह से आशा और संगिनी का मानदेय दिलाने की मांग सहित अन्य मदों की रकम की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया गया था। करीब 54 दिन तक धरना दिया गया। आशा और संगिनी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिम्मेदारों पर आरोप लगाए कि उनका मानदेय नियमित नहीं किया जाता है। आरोप लगाया गया था कि विभाग में उनके पैसे का बंदरबांट होता है जिससे आशा संगिनियों के हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। अंत में सदर विधायक के आश्वासन पर आशाओं ने हड़ताल धरना-प्रदर्शन खत्म कर दिया। धरना-प्रदर्शन के बाद आशाओं को कुछ पैसा दिया गया लेकिन उनका पूरा भुगतान नहीं किया गया है।

### डीपीएम का ट्रांसफर होने के बाद से खाली है कुर्सी

स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएम डा. कमलेश शर्मा का पिछले दिनों अम्बेडकरनगर को इसी पद पर ट्रांसफर हो गया। इसके बाद अभी तक डीपीएम के पद पर किसी को नहीं भेजा गया है जिससे विभाग के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि शासन से किसी को भेजा जाएगा, उसके बाद एनआरएचएम के काम शुरू होंगे।

# दो गांवों में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विकास की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में निर्मित सीसी रोड, नाली निर्माण एवं बाउंड्री बाल निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

मंगलवार को विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने ग्राम वहोरपुरा एवं ग्राम वरखेड़ा में नवनिर्मित सीसी सड़कों एवं बारातघर की बाउंड्रीबाल का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इन मार्गों के बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी औरआवागमन सुगम होगा।



सीसी रोड का लोकार्पण करते विधायक महेश चंद्र गुप्ता ● अमृत विचार

सदर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और संपर्क मार्गों को बेहतर बनाना है। राज्य सरकार ''सबका साथ, सबका विकास'' के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाना हमारी प्राथमिकता है ताकि गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा पहुंच सके। वहोरपुरा और वरखेड़ा की जनता की सुविधा के लिए ये सीसी रोड समर्पित हैं। सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने और उसके लोकार्पण से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से इन मार्गों की हालत जर्जर थी, जिससे बरसात के दिनों में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब यह समस्या जड़ से खत्म हो गई है ।अबरखेड़ा मे जिस बारातघर का निर्माण पूर्व मे कराया था उसकी बाउंड्री बाल की बहुत आवश्यकता थी जिसको पूर्ण कराकर मेने बरखेड़ा की जनता को किया फायदा पूरा किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह पटेल, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठा. धीरेंद्र सिंह, आदेश शर्मा, पंकज गुप्ता, दयालु प्रधान, राजू चौहान एवं राकेश प्रधान, सत्यवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# छत से कमरे में जाकर लाखों का माल किया चोरी

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के नखासा बाजार की नई बस्ती निवासी देवेश पुत्र रनवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रात को अपने घर की छत पर सो रहे थे।

- उझानी के नखासा बाजार की नई बस्ती का मामला

रात में किसी समय चोर छत के रास्ते जीने से होते हुए कमरे में दाखिल हुए। कमरे से सोने की चेन व हार, एक अंगूठी, कान के झाले और 50 हजार रुपये की नगदी चोरी करके ले गए। सुबह जागने पर चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने चोरी का खुलासा करने की मांग की है। छत से कमरे में जाकर चोरों ने लाखों का माल चोरी कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीएमश्री कंपोजिट स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ब्लॉक जगत के आमगांव में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में एसएमसी अध्यक्ष एआरपी पंकज पाठक व कामिनी राठौर अफजाल ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आत्मरक्षा प्रशिक्षण राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर कई खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरण किये गए। संगीता शर्मा प्रधानाध्यापिका द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# निर्माण में अड़चन पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नगर पंचायत रुदायन में राजपुर मार्ग पर दोनों ओर हो रहा है नाले का निर्माण कार्य

**अमृत विचार :** नगर पंचायत रुदायन में बेहतर जल निकासी के लिए चल रहे नाला निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वालों पर प्रशासन ने नजरें सख्त कर दी हैं। एडीएम प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम बिल्सी ने स्थलीय निरीक्षण किया। सरकारी कार्य में अड़चन डालने वालों पर सख्त कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

जल निकासी के लिए नगर पंचायत रुदायन में राजपुर मार्ग पर दोनों ओर नालों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें कुछ खुराफाती लोगों को उकसा कर काम में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं। ठेकेदार की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश ने लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन लोग नहीं माने तो एडीएम प्रशासन को मामले से अवगत कराया। एडीएम प्रशासन ने एसडीएम बिल्सी प्रेमपाल को सरकारी कार्य में अड़चन डालने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। एसडीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अड़चन डालने वाले दो तीन लोगों को चिह्नित किया। बताया कि नाला निर्माण से सभी को फायदा होगा। सरकारी कार्य में अड़चन न डालें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से कहा कि सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने वालों के साथ किसी भी तरह की रियायत न बरती जाए। सख्त कार्रवाई करें। भविष्य में किसी भी तरह का कोई व्यवधान नहीं करेंगे। एसडीएम के साथ अधिशासी अधिकारी, लिपिक राजकुमार सक्सेना, राजस्व निरीक्षक हरिओम समेत तहसील का दर्जन भर स्टाफ और पुलिस बल तैनात रहा।




नाला निर्माण में व्यवधान की शिकायत पर लोगों से बात करते एसडीएम बिल्सी

# चकरोड किनारे खेत में मिला लापता युवक का शव



मौका मुआयना करके जानकारी करते एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया।




खेत में साक्ष्य एकत्र करती फॉरेंसिक टीम और पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

- काले रंग के गमछा से कसा था गला, शरीर पर थे चोट के निशान

**अमृत विचार :** सोमवार से लापता युवक का शव चकरोड किनारे खेत में पड़ा मिला। गले में काले रंग के गमछा का फंदा था। शरीर पर चोट के निशान थे जिससे युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया और सीओ बिसौली संजीव कुमार ने मौका-मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। इस जुते हुए खेत में पैरों के निशान देखे। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



● मृतक गुड्डू

मंगलवार सुबह मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग से लगभग 300 मीटर दूर फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका के जंगल के चकरोड किनारे खेत में ग्रामीणों ने शव देखा। वह खेत चंदौसी निवासी सतीश का है। जिसके गले पर काले कपड़े से फंदा लगा हुआ था। सिर से खून निकल रहा था। शर्ट ऊपर उठी हुई थी। पैरों में चप्पल या जूते नहीं थे। मौके की स्थिति देखकर लग रहा था कि खींचतान और मारपीट के बाद गमछा से उनकी हत्या की गई हो। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गांव सिसरका के ग्राम प्रधान पति ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की जेब से सिर्फ तंबाकू का पैकेट मिला। आसपास के ग्रामीणों से जानकारी करने पर भी शिनाख्त नहीं हुई तो पुलिस ने सोशल साइट्स पर फोटो वायरल किया। काफी समय के प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त कस्बा फैजगंज बेहटा के वार्ड आठ निवासी गुड्डू उर्फ आसिफ पुत्र इकबाल के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे। उन्होंने बताया कि गुड्डू सोमवार से लापता थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम, पुरस्कृत हुए मेधावी

**वजीरगंज, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या में वार्षिकोत्सव व फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के बीच शिक्षकों के द्वारा रिजल्ट बांटा गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा शंखधार , नीरज वर्मा ने किया। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षाप्रद विचार प्रस्तुत किए। मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रेशु, प्रभा,प्रतिभा,ज़रीन, निधि आदि शिक्षक तथा अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सपना वार्ष्णेय ने सभी का आभार प्रकट किया।

### पूर्व प्रधानाध्यापक कुसुम देवी हुईं सेवानिवृत्त

**वजीरगंज, अमृत विचार :** सोमवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय वजीरगंज की पूर्व प्रधानाध्यापक कुसुम देवी का सेवानिवृत्त एवं विदाई समारोह, विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें सभी ने मिलकर उनके कार्यकाल के समापन पर प्रतीक चिन्ह, शाल आदि उपहार के साथ सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अनामिका वर्मा, महालक्ष्मी सक्सेना, सरिता,रीना, प्रवेश, सपना वार्ष्णेय, आशा रानी, राष्ट्रीय शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष धीरज शर्मा, शरद वार्ष्णेय, अनुदेशक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा, अमित गुप्ता, नरेश कुमार,योगेंद्र सागर, सुजीत सक्सेना,अशोक बाबू शर्मा, संजय सिंह, हिम्मत सिंह, प्रदीप,रामू आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वयं सेविकाओं ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

**बदायूं, अमृत विचार :** नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। शिविर की मुख्य थीम नशा मुक्ति रही। छात्र–छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। स्वयंसेवियों द्वारा नशा उन्मूलन पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. आशीष कुमार सक्सेना, संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मधुबाला शर्मा ने संयुक्त रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। संचालन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. सत्यम मिश्रा, निहारिका गुप्ता, अनमोल निधि द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. बीएन शुक्ला, डॉ. रवि भूषण पाठक, डॉ. मुन्ना कुमार वरुण, डॉ. लक्ष्य सिंह चौधरी, अर्चना आदि मौजूद रहीं।

# बस-पिकअप भिड़ंत में चालक समेत दो की मौत

## सुबह लगभग छह बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव दहेमू के पास हुआ दर्दनाक हादसा

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र में स्लीपर बस और पिकअप की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपे गए।



मृतक दुर्गेश

हादसा मंगलवार सुबह लगभग छह बजे राजमार्ग स्थित गांव दहेमू की पुलिया के पास हुआ। राजमार्ग के चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है। मजदूर सुबह से ही आकर काम कर रहे हैं। एक पिकअप चौड़ीकरण में लगे मजदूरों को लेकर उझानी से कछला की ओर जा रही थी वहीं एक स्लीपर बस जयपुर से बरेली जा रही थी। बदायूं-मथुरा राजमार्ग पर दहेमू पंचायत घर के पास स्लीपर बस और पिकअप की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक पिकअप सवार चालक राजस्थान के जिला अलवर के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव सौरपरिया निवासी दिनेश चौधरी (30) पुत्र प्रभाती लाल और उझानी क्षेत्र के गांव सावंती नगला निवासी दुर्गेश (42) पुत्र हुकुम सिंह की मौत हो गई थी। उन्हें गैस कटर से पिकअप काटकर बाहर निकाला गया।



भिड़ंत के बाद मौके पर खड़ी बस और क्षतिग्रस्त पिकअप। ● अमृत विचार

जिला मऊ के थाना मधुवन क्षेत्र के गांव जवाईपुर निवासी नींबू लाल पुत्र अच्छे लाल और बरेली की कोतवाली आंवला क्षेत्र के गांव नंदगांव निवासी महेश पुत्र झाझन लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा जहां चिकित्सक ने दुर्गेश और दिनेश चौधरी की मौत की पुष्टि कर दी। हादसे के कुछ देर तक राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने दोनों वाहनों को राजमार्ग से हटाकर आवागमन दुरुस्त कराया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार





हादसे के बारे में जानकारी करते उझानी कोतवाल प्रवीण कुमार। ● अमृत विचार

# सामाजिक सुरक्षा प्रहरी की जिला इकाई गठित

- नई कार्यकारिणी के गठन के बाद यूसीसी के विरुद्ध बुलंद की आवाज

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** समाज के वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करने तथा न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने के संकल्प के साथ 'मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी' ने जनपद में अपनी उपस्थिति को और अधिक सशक्त बना दिया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को जिला इकाई गठित की गयी।

संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावशाली व गतिशील बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला स्तर पर अनुभवी और कर्मठ कार्यकर्ताओं की एक मजबूत टीम का चयन किया है। इस नवीन सांगठनिक विस्तार के अंतर्गत पंकज सोलंकी को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है, टिंकू गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सुरक्षा और न्याय संबंधी मामलों की बारीकी से निगरानी करने के लिए शेखर सोलंकी को जिला क्राइम ब्रांच इंचार्ज का पदभार दिया गया। इसके अतिरिक्त, संगठन के भीतर बेहतर तालमेल और क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विकास सोलंकी को जिला कोऑर्डिनेटर, शिव प्रताप सिंह को जिला सचिव तथा हिमांशु राठौर को जिला महासचिव के रूप में नई जिम्मेदारियां प्रदान की गईं।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांगठनिक ढांचे को मजबूती देने के साथ-साथ प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर संगठन की गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने यूसीसी जैसे कानूनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में 'काला कानून' करार दिया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को पूर्ण आश्वस्त किया कि संगठन उनके हर सकारात्मक और न्यायपूर्ण कदम में चट्टान की तरह उनके साथ खड़ा है।

# जांच के लिए एफएसएल लैब भेजे गए कपड़े और हत्या में प्रयुक्त गोली

- 12 मार्च की दोपहर प्लांट में घुसकर दो अधिकारियों की गोली मारकर की थी हत्या
- पुलिस-प्रशासन के बाद अब आई फारेंसिक जांच में तेजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर दो अधिकारियों की हत्या करने के मुख्य आरोपी जेल में है। पुलिस ने उसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। उसके दोनों पैर में गोली लगी थी। एक गोली उसके पैर में फंसी हुई है। इसकी जल्द ही सर्जरी की जा सकती है। प्रशासन, पुलिस के अलावा अब फॉरेंसिक जांच भी तेज की गई है। मृतकों के कपड़े, गोली आदि को जांच के लिए एफएसएल भेजा गया है।

गांव सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह ने 12 मार्च की दोपहर प्लांट में घुसकर उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसने हत्या में प्रयुक्त तमंचा छिपाया और दूसरा तमंचा लेकर थाने पहुंचा था। इससे फॉरेंसिक जांच में उसका लाभ मिल सके। पुलिस को उस तमंचे में गंध नहीं आई तो दूसरे तमंचे की बरामदगी के लिए उसे जंगल ले जाया गया। जहां उसने पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा था।

उसने जेल प्रशासन से पैर में दर्द की शिकायत की है। उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस पहले ही सीन रिक्रिएशन कर चुकी है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य, मृतक अधिकारियों के कपड़े, गोली, तमंचे के अलावा मौके से मिले खून के सैंपल आदि को मुरादाबाद स्थित फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा है।

# विधायक ने दस आंगनबाड़ी भवनों का किया लोकार्पण

**बदायूं, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आ्रेर से लखनऊ में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरण व नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण किया गया। इसका सीधा प्रसारण एनआईसी में देखा गया। जिले में भी दस आंगनबाड़ी केंद्रों का सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता व भाजपा नेता शारदेंदु पाठक ने लोकार्पण किया। साथ ही प्रतीकात्मक रूप से 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित भी बांटे।

इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि भारत एक दिन विश्वगुरु बनेगा। एमएलसी प्रतिनिधि व भाजपा नेता शारदेंदु पाठक ने कहा कि सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा टेक्नोलॉजी से जोड़ने का कार्य कर रही है।

# किताबों की कीमतें बढ़ीं, अभिभावक चिंतित

- किताब-कॉपी और एडमिशन खर्च से अभिभावकों का बिगड़ा बजट
- हर साल किताबें बदलने से अभिभावकों पर बढ़ जाता है अतिरिक्त आर्थिक बोझ
- एक बच्चे पर 15 से 20 हजार रुपये तक आता है खर्च

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से हो रही है। स्कूलों की ओर से सोमवार को परिणाम भी घोषित कर दिए गए। साथ ही अभिभावकों से कॉपी किताबें और ड्रेस आदि की खरीद करने के लिए कहा जाने लगा है, लेकिन बच्चों के एडमिशन, किताबें, कॉपियां, ड्रेस और अन्य जरूरी सामानों के दाम बढ़ने से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। बच्चों की पढ़ाई का बढ़ते खर्च की वजह से, इसका सीधा असर घरेलू बजट पर पड़ रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन तीन महीने की अग्रिम फीस के साथ किताब-कॉपी और यूनिफार्म और बिल्डिंग फीस के नाम पर भारी रकम वसूल रहे हैं। जिससे उनके सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं।

नया शैक्षिक सत्र शुरू होते ही अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित हो जाते हैं। उनके सामने सबसे अधिक समस्या बढ़ती किताबों की कीमतों और स्कूल फीस को लेकर रहती है। एक अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षिक सत्र में कई स्कूलों के द्वारा फीस में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। इसके साथ ही अभिभावकों से अग्रिम तीन माह की फीस जमा करने को लेकर दबाव भी बनाया जाने लगा है। अभिभावकों का आरोप है कि अधिकांश स्कूल अपनी तय पब्लिकेशन की किताबें ही खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जो केवल चुनिंदा दुकानों पर ही उपलब्ध होती हैं। इससे किताबों के दाम बाजार से दोगुने से अधिक हो जाते हैं। इसके साथ ही अग्रिम तीन माह की फीस भी जमा कराई जा रही है। ऐसे में घर का बजट बिगड़ रहा है।

### किसी काम की नहीं रहती पुरानी किताबें

शहर के मोहल्ला शिवपुरम निवासी अरुण कुमार ने बताया कि स्कूलों की ओर से हर साल किताबें और कॉपियां बदल दिए जाने से पुरानी किताबें किसी काम की नहीं रह जातीं। इसके कारण हर वर्ष पूरा सेट नया खरीदना पड़ता है। नेकपुर निवासी देवेंद्र ने बताया कि कई स्कूलों में किताबें केवल तय दुकानों पर ही उपलब्ध है, जहां कीमत सामान्य से अधिक बताई जा रही हैं। अभिभावक सोनू पांडेय कहते हैं कि एक बच्चे के एडमिशन से लेकर यूनिफॉर्म, जूते, बैग, कॉपी, किताबें और अन्य जरूरी सामग्री पर करीब 15 हजार से 20 हजार रुपये तक खर्च हो रहे हैं। यह खर्च कक्षा दो में पढ़ने वाले बच्चे पर भी आ रहा है। स्कूल फीस अलग है, जबकि किताबें और ड्रेस पर अलग से बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है। बच्चों की पढ़ाई जरूरी है लेकिन हर साल बढ़ते खर्च ने परिवार की आर्थिक स्थिति बिगाड़ दी है।

> स्कूलों के द्वारा फीस में कितनी वृद्धि की गई है। किस प्रकाशन की किताबें लगाई गई हैं। इसकी जानकारी स्कूलों के संचालकों और प्रधानाचार्य से मांगी गई है। स्कूलों से सूचना आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी स्कूल संचालक द्वारा एनसीईआरटी की किताबों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की किताबों की खरीद कराई जा रही है तो उसे नोटिस जारी करने के साथ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **लालजी यादव,** जिला विद्यालय निरीक्षक

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को सम्मानित करते एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने सेवानिवृत्त हुए रेडियो निरीक्षक उमेश गंगवार, उप निरीक्षक मोहन सिंह, अरविन्द कुमार, मांगेराम, मोहम्मद अरशद, फायरमेन ताहिर अली खान को प्रशस्ति पत्र देकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पुलिस परिवार की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सीओ दातागंज राहुल पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत ने किया।

# जमीन प्रकरण में चार पर रिपोर्ट दर्ज

- शुक्रवार को एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र में फर्जी तरीके से जमीन बेचने के प्रयास का मामला सामने आया था। लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा था जबकि उसके तीन साथी भाग गए थे। पुलिस ने एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पलिया निवासी भूप किशोर, नन्हें, वीरपाल, भागवती के नाम पर कुंवरगांव क्षेत्र के गांव पनौटा में लगभग 20 बीघा जमीन है। दलालों ने जिला बरेली के फर्जी विक्रेता तैयार करके कुंवरगांव कस्बा निवासी रामू पुत्र रामवीर से 3.60 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से सौदा तय करा दिया। जमीन के असली मालिकों को जानकारी तक नहीं थी। रामू के अनुसार पनौटा निवासी ज्ञानस्वरूप बरेली के गांव सहासे निवासी इंद्रपाल पुत्र मोहर सिंह को लाए थे। उसने जमीन अपने नाम बताई। युवक के पास वीरपाल और नन्हें नाम के आधार कार्ड मिले। रामू ने उन्हें दो लाख रुपये दिए। घर जाकर चेक किए तो दोनों आधार कार्ड फर्जी निकले थे।

उन्होंने शुक्रवार को इंद्रपाल को कुछ और रुपये देने के लिए बुलाया और पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी ने अपने साथियों के नाम बताए। इसमें बरेली के एक गांव निवासी युवक भी शामिल है।

### सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगे विद्यालय

**बदायूं, अमृत विचार :** एक अप्रैल से 30 सितंबर तक परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों का समय परिवर्तित किया गया है। एक अप्रैल से विद्यालयों का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

# लिलिपुट में परिणाम दिवस मनाया गया

**बदायूं, अमृत विचार :** लिलिपुट प्ले स्कूल में परिणाम दिवस बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पूरे विद्यालय को आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जिससे वातावरण अत्यंत आनंदमय और उत्सवपूर्ण बन गया। विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी रंगोली बनाई गई, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक के.बी. गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी मेहनत और लगन की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग



थाना फैजगंज बेहटा पर मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** रविवार को फैजगंज बेहटा कस्बे में दलित परिवार के साथ जमकर मारपीट की थी। इसको लेकर मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर शेष बचे आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। फैजगंज बेहटा कस्बे के वार्ड संख्या दो में भूरा व उसके बेटों ने एक दलित परिवार के साथ जमकर मारपीट की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, हालांकि पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके दो लोगों को जेल भेज दिया। इसको लेकर मंगलवार को बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने फैजगंज बेहटा थाने पहुंचकर शेष बचे आरोपियों को जेल भेजने व कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान जिला मंत्री बजरंग दल शुभम पाराशरी, जिला संयोजक अर्पित गुप्ता, आदेश, अक्षय, अरविंद सहित तमाम बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।






अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
हमने अपने पुत्र गौरव सिंह को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सत्यपाल सिंह पुत्र मनोहर सिंह व कमला देवी पत्नी सत्यपाल सिंह निवासीगण ग्राम मनौना तहसील आंवला जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. दानिश व उसकी पत्नी गुलफ्शा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रिहाना पत्नी श्री अखलाक अहमद निवासी ग्राम अरसियाबोझ थाना बहेड़ी जिला बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्रों शिवदयाल व महेश उनकी पत्नियों (पुत्रवधुओं) के गलत चाल चलन और व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से वेदखल कर दिया है, वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। **रामवती पत्नी स्व. गोधनलाल ग्राम याकूबपुर नवाबगंज बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री रोज को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सन्जु पुत्र मो. हनीफ निवासी ग्राम अगरास तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शादाव को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगा। **आसिफ अली पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम नदायल तह. सहसवान जिला बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक 210900735 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **दुर्वेश यादव पुत्री श्री ऋषिपाल सिंह यादव निवासी गजरौला कला, पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

